whānau āwhina plunket

## परिवार में नए बच्चे के आगमन पर बधाई!

हम  फ़ानाउ आफिना प्लंकेट (Whānau Āwhina Plunket) संचालित करते हैं। हम आपको सलाह और सहायता प्रदान करने के लिए निःशुल्क सेवा प्रदान करते हैं, ताकि आपके बच्चे को जीवन में सबसे अच्छी शुरुआत मिले।
हम आपकी सहायता के लिए यहां हैं, चाहे आपकी  अप्रवासन स्थिति कुछ भी हो या आप न्यूजीलैंड में कितने भी समय से रह रहे हों।
हमारी टीम में विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से आये कर्मचारी और नर्स शामिल हैं। इनमें से कुछ आपकी भाषा भी बोल सकते हैं।
यदि आप अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में बात करने में अधिक सहज हैं तो आपकी सहायता के लिए हमारे पास  अनुवादक भी उपलब्ध हैं।
पहले 2000 दिन आपके बच्चे की वृद्धि, सीखने और विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। हम आपके जीवन में सुखद और आवश्यक परिवर्तन ला सकते हैं।

## प्लंकेट सेवाएं

- बच्चे के स्वास्थ्य की जांच
  इनमें शिशु के विकास की प्रगति, टीकाकरण, मौखिक स्वास्थ्य, शिशु आहार आदि को देखना शामिल हो सकता है।

- प्लंकेटलाइन. फ़ोन सेवा
  हमारी निःशुल्क 24/7 पेरेंटिंग फ़ोन लाइन 0800933922 है. यदि आप अपनी भाषा में बात करना चाहते हैं तो हम अनुवादक की व्यवस्था कर सकते हैं I

- अतिरिक्त पारिवारिक सहायता
  हमारी नर्सें और स्वास्थ्य कार्यकर्ता आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त सहायता प्रदान करते हैं, जैसे अन्य सेवाओं या सामुदायिक समूहों से जुड़ना।

- स्कूल से पहले निःशुल्क जांच
  प्लेग्रुप, पेरेंटिंग क्लासेस, कार सीट सलाह और बहुत कुछ प्रदान करना।

- आभासी (virtual) सेवाएं
  आपके बच्चों के स्वास्थ्य, नींद या स्तनपान के लिए सुविधाजनक परामर्श।

यदि आपको अपनी भाषा में बात करने में सहायता की आवश्यकता हो तो कृपया हमारे स्टाफ से सहायता मांगें।





## कृपया हमारी वेबसाइट देखें

www.Plunket.org.nz
प्लंकेट वेबसाइट पर आप निम्नलिखित जानकारी पा सकते हैं:

- बाल स्वास्थ्य और विकास पर विश्वसनीय पालन-पोषण सलाह
- नींद, भोजन, कार सुरक्षा और स्वास्थ्य पर सुझाव
- आपके नज़दीक प्लंकेट सेवाएँ और अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए

## अब सहायता चाहिए?

- प्लंकेटलाइन पर कॉल करें - हमारी निःशुल्क 24/7 पेरेंटिंग हेल्पलाइन आपको नींद, भोजन, स्वास्थ्य, बीमारी और अधिक के बारे में सलाह के लिए पंजीकृत नर्स से जोड़ती है 0800 933 922 आपकी सहायता के लिए हमारे पास दुभाषिए हैं।
- अपॉइंटमेंट या अन्य पूछताछ के लिए 0800 184 803

## प्लंकेट के साथ जुड़े रहें- हमारे समुदाय में शामिल हों

PlunketNZ

@plunketnz

plunketnz

**plunket.org.nz**
पर पहुंचने के लिए
QR कोड स्कैन करें

Hindi-Welcome

whānau āwhina
plunket